हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई



# ऐतिहासिक रहा रामोत्सव

## हवन पूजन, भंडारा, रांगोली, पटाखे, दीप, झांकियां, मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, सजावट, फूल माला, आतिशबाजी, जुलूस को किया उत्सव में शामिल



### श्री रामलला विराजमान महोत्सव राममय हुई शिवनगरी



**जुन्नारदेव।** सोमवार को भगवान श्रीराम की जन्म स्थली श्री अयोध्या धाम में दिव्य एवं भव्य श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम लला के विराजमान के पावन अवसर पर जुन्नारदेव नगर भगवामय हो गया। प्रातःकाल से ही नगर के केंद्रीय श्री राम मंदिर में भक्तों की बड़ी संख्या में आवाजाही दिखी। बीते दिवस से प्रारंभ हुई श्री रामायणजी का अखंड पाठ का आज प्रातः 9 बजे समापन किया गया। इसके तुरंत पश्चात भगवान श्री राम का दुग्ध अभिषेक किया गया। इसके उपरांत श्री राम के सहस्त्रनाम का पूजन अर्चन हवन व आरती की गई। दौरान बड़ी संख्या में भगवान श्री राम के भक्तगण मंदिर में दिखाई दिए। इसके अतिरिक्त नगर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नगर सहित ग्राम अंचलो में भी हर ओर कार्यक्रमो का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण जन भी बड़े उत्साह से शामिल हुए। यह समस्त आयोजन श्री प्रभु राम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किए गए थे। लगातार सात दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में श्री रामजी के भक्तजनों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### परासिया में राम मय हुआ माहौल, मंदिरों में हुए हवन पूजन व भंडारे



**परासिया :** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर , गांव , कस्बे गली , कूचों का माहौल राम मय हो गया । भक्तों ने अपनी - अपनी श्रद्धा के अनुसार इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । कोयलांचल के हर एक क्षेत्र में प्रभात फेरी और विभिन्न धार्मिक आयोजन कर लोगों ने अपना श्रद्धा भाव प्रकट किया ।चादामेटा , परासिया , न्यूटन में नव दिवसीय भव्य श्री रामलला जन्मभूमी प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का अयोजन किया गया । श्री राम जन्म भूमि रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव नगर चांदामेटा के नव दिवसीय विभिन्न आयोजन किया गया । जिसमें 14 जनवरी से 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा दिवस तक प्रतिदिन सुबह श्री राम नाम कीर्तन प्रभाफेरी का अयोजन सुबह 5 से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलित झांकी के साथ राम नाम कीर्तन की प्रभात फेरी का अयोजन किया गया । नागरिकों द्वारा आरती , भंडारे , प्रसाद फूलों की बारिश के साथ प्रतिदिन स्वागत किया गया । नगर के सभी नागरिक प्रतिदिन शामिल हुए । अंतिम दिन सारा नगर ही कीर्तन में शामिल हो गया । चौबीस घंटे का अखंड संगीतमय राम नाम कीर्तन किया गया । श्री रामलला जन्मभूमी प्राणप्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण स्क्रीन पर सीधा प्रसारण नगर परिषद चांदामेटा के सहयोग से किया गया । उसके पश्चात कन्या पूजन के साथ ही नगर भोज भंडारे का प्रारंभ किया गया । जिसमें क्षेत्र के लगभग 15000 लोगों ने श्रृद्धा पूर्वक ग्रहण किया ।









### धूमधाम से मनाया गया रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**तामिया।** भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व तामियां के सभी मंदिरों को सजाया गया, आज हिंदू उत्सव पर्व समिति के तत्वावधान में माता मंदिर के पीछे अयोध्या में हो रही राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के , उपलक्ष में सांस्कृतिक कला मंच पर प्रोजेक्टर पर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखलाया गया । इसके बाद वाहन रैली पांडू पिपरिया चौराहे तक निकाली गई। उसके बाद सांस्कृतिक कला मंच पर संगीत मय सुंदरकांड, पाठ का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों संख्या में आये, भक्त सुंदरकांड को सुनकर घूम उठे। इसके पश्चात माता मंदिर के पीछे, विशाल भंडारा का आयोजन राष्ट्रीय पर्व समिति की और से कराया गया। सनद रहे कि आज, रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कल सुबह से ही मंदिरों में अखंड रामायण पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ आयोजित किए गये। सुबह 5:00 बजे से राम भक्तों ने प्रभात फेरी भजन कीर्तन के साथ निकाली। सुबह से ही भंडारे प्रसाद के रूप में शुरू प्र हो गए थे। वहीं राजेश यदुवंशी पाटन वाले ने आज के इस अवसर पर सूर्योदय के पहले ही भक्तों के लिए निशुल्क चाय पिलाई। विदित की इस तरह उन्होंने राम भक्तों को सुबह-सुबह चाय पिलाकर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम के लिए तामिया शहर को केसरिया झंडौ से सजाया गया। वहीं माता मंदिर में विशेष , साज सज्जा की गई। साथ ही इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस तरह आज तामिया में धूमधाम से रामलला प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भक्ति में वातावरण में संपन्न हुआ।

### ब्रह्म समाज के तत्वाधान में मनाया गया भव्य कार्यक्रम



**चौरई।** अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में हिंदू सु समिति और सकल ब्रह्म समाज चोरी के तत्वाधान में विविध आयोजन किए गए जिसमें सुबह 11:00 बजे से 1:00 बजे तक लाइव प्रसारण राम भक्तों को दिखाया गया 1:00 बजे के बाद में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया 3:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुए तथा उसके बाद में भंडारा एवं आतिशबाजी कर सभी को बधाइयां दी गई ज्ञातम हो कि पिछले 5 दिनों से शक्ल ब्रह्म समाज द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं इसी क्रम में कल पूरे नगर में शोभायात्रा आयोजित की गई और आज विविध आयोजन किए गए इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर श्री सेवक राम जी शास्त्री श्री बलराम प्रसाद जी शास्त्री ब्रह्म समाज के अध्यक्ष शंकर लाल जी तथा अन्य सभी पदाधिकारी हिंदुओं से समिति से शैलेंद्र रघुवंशी शैलेंद्र रघुवंशी प्रदीप शर्मा रजनीश गौतम प्रशांत शर्मा बनी पटेल नन्हेंलाल पंचेश्वर सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर में जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

# राममय हुआ नगर : नेहरु चौक से निकली भव्य शोभा यात्रा

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण राम मंदिर में देखा श्रद्धालुओं ने कार सेवकों का किया गया सम्मान





**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से आज पूरा शहर गुंजायमान हो गया। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के बालरुप प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश की तरह वारासिवनी नगर में भी उमंग, उत्साह व आनंद की लहर व्याप्त रहीं। पूरा नगर राममय नजर आया। श्रीराम लला महोत्सव समिति के तत्वावधान में स्थानीय श्रीराम मंदिर के विशाल प्रांगण एवम् नेहरू चौक में प्रभु श्रीराम की आकर्षक झाँकियों श्रद्धालुओं व दर्शकों का मन मोह रही थी। नगर के प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर प्रभु श्रीराम जी की नयनाभिराम मनमोहक मुद्रा से सज्जित चित्रों, ध्वज पताकाओं, तोरण द्वारों से नगर को सुसज्जित किया गया था। पिछले 4 दिनों से नगर के प्रत्येक मंदिर आकर्षक व मनमोहक रोशनी से जगमगा रहे थे।

प्रातःकाल 6 बजे जब नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर से पतंजली योग समिति व श्रद्धालुओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, तो नगर की गली-गली राम आयेगे राम आयेगे की मधुर वाणी से गूँज उठी। यह प्रभात फेरी बड़ा श्रीराम मंदिर से निकल कर नगर भ्रमण के बाद वापस राम मंदिर पहुँची। उसके बाद सुबह 11 बजे से बड़ा श्रीराम मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं द्वारा एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या में चल रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण मंत्रमुग्ध भाव से देखा गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण देख रहे श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ जय श्रीराम का नारा लगाया जा रहा था। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अलौकिक व अनुमप दृश्य देख कर श्रद्धालुगण भाव विभोर हो गए थे। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया गया।

इस अवसर पर वर्ष 1992 में कार सेवा में अयोध्या जाने वाले 31 कारसेवकों का श्रीराम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या की ओर से सम्मान किया गया। जिनमें 18 जीवित एवं 13 स्वर्गीय कार सेवकों व उनके परिजनों को अंग वस्त्र, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट किया गया। उसके बाद दोपहर 3 बजे से नेहरु चौक से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान रथ पर सवार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता की जीवंत झाकियाॅ विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। यह भव्य शोभा यात्रा नेहरु चौक से निकल कर आंबेडकर चौक, गोलीबार चौक, गाॅधी चौक होते हुए बड़ा श्रीराम मंदिर पहुॅची। जहाॅ पर भगवान श्रीराम को 56 भोग लगाए गए और विशेष पूजन व आरती की गई।

नेहरू चौक पर 108 घी के दीपकों से महाआरती की गई। उसके बाद 500 किलो रवे के हलवा का प्रसाद एवं पोहा प्रसाद का विशाल भंडारा वितरित किया गया। जिसमें चौपाटी व्यवसायियों द्वारा तुलसी/अदरक की शुद्ध प्राकृतिक चाय श्रद्धालुओं को पिलाई गई, वहीं राहुल गांधी विचार मंच द्वारा केसरिया मीठे जल का वितरण किया गया। इस मौके पर जय स्तम्भ चौक से लेकर फव्वारा चौक तक नगरवासियों द्वारा भगवान राम से संबंधित विभिन्न आकर्षक व मनमोहक रांगाली उकेरी गई। जिसे देखने के लिए हजारों नागरिकों की भीड़ देर रात तक उमड़ती रही।

#### जय जय श्रीराम के नारों से गूंजा रिसेवाड़ा, झांकी रही आकर्षक का केंद्र

# सत्य सनातन धर्म संगठन भारत द्वारा निकाली रिसेवाड़ा में रामधुन शोभायात्रा



### भगवान राम के भक्तिमय गीतों पर थिरके श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

अयोध्या में श्रीरामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज ग्राम रिसेवाड़ा में सत्य सनातन धर्म संगठन भारत के गौरक्षा राष्ट्र प्रमुख अशोक कुमार शुक्ला के सानिध्य एवं बोलबम सेवा समिति रिसेवाड़ा के द्वारा ग्राम रिसेवाड़ा में रामधुन शोभायात्रा निकाली गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सत्य सनातन धर्म संगठन भारत के गौरक्षा राष्ट्र प्रमुख अशोक कुमार शुक्ला ने बताया की पूरे देश में आज भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है, अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने पर पूरे देश में जश्न एवं उत्साह का माहौल है जिसके चलते रिसेवाड़ा में भी श्रीराम भक्तों द्वारा नगर भ्रमण के लिए भव्य रामधुन शोभा यात्रा निकाली गई । इस दौरान समूचे नगर मे भगवा तोरण, ध्वज एवं तोरण प्रवेश द्वारों से सुसज्जित किया गया था । नगरवासियों द्वारा भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने पर साफ -सफाई कर रंगोली उकेरी, दीप जलाए गए और श्रद्धालु भक्तों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस भव्य रामधुन शोभा यात्रा में भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण हनुमान जी की जीवंत झांकियां के साथ संदल के धुनों पर एवं जय जय श्रीराम के जयघोष तथा भगवान राम के गीतों की स्वर लहरियों से समूचा माहौल गूंजायमान रहा। भव्य शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत कर जलपान कराया गया, फ लों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में आरती कर दीपोत्सव मनाया गया एवं भव्य आतिशबाजी की गई।

## अंकित उइके का लोक सेवा आयोग में सहायक श्रम अधिकारी के पद पर चयन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

छोटे से ग्राम में अपनी प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद ऊंचाइयों को छूने का जज्बा लेकर पहुंचे छात्र अंकित उके पिता विजय उके का लोक सेवा आयोग में चयन होने पर रामपायली बस स्टैंड में उनका सत्कार किया गया।

लोक सेवा आयोग में चयन होने के उपरांत अंकित पिता विजय उके नवेगांव खैरलांजी जनपद पंचायत निवासी ने बताया कि उन्होंने अपनी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा रामपायली और खैरलांजी में पूर्ण की। इसके पश्चात स्नातक के लिए इंदौर में तैयारी करने लगे, 2019 में लोक सेवा आयोग में उनका चयन हुआ और सहायक श्रम अधिकारी के पद पर वर्तमान में ट्रेनिंग पीरियड में हैं। उनके शासकीय पद पर चयन होने पर रामपायली पहुंचने पर उनका उनके इष्ट मित्र परिजनों ने भव्य स्वागत ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ उनका सत्कार किया गया। जिसके बाद उन्हें श्रीराम बालाजी मंदिर रामपायली ले जाया गया। जहां सभी देवी देवताओं का उन्होंने दर्शन लाभ लेकर अपने घर नवेगांव पहुंचे। जहां पुनः उनके परिजनों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस स्वागत से उत्साहित अंकित ने बताया कि वह अपने चयन पर खुश है और देश सेवा करने के इस अवसर को वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अपने कर्तव्यों का दायित्व भली भांति निर्वहन करने में कभी कोई कोताही नहीं करेंगे। उनके माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद सदैव उन पर बना रहा है और वे आज इस शिखर को पाने पर हर्षित है।

लोक सेवा आयोग में चयन होने पर अंकित का सत्कार करने वालों में रामपायली ग्राम पंचायत सरपंच संदीप बाघमारे, राजेंद्र सिंह चौहान, हारून अली, आकाश, अंकित गोंडुडे, आकाश मेश्राम, डॉक्टर सुधीर राय, राजुल सिंह चौहान आदि अनेकजन मौजूद रहे।

# क्षेत्र भर में उत्सव का माहौल: सिनेमा चौक में हुआ सीधा प्रसारण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सोमवार को 12 बजकर 29 मिनट पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश की कई नामचीन हस्तियों की मौजूदगी में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई. अयोध्या के इस कार्यक्रम का कटंगी शहर के सिनेमा चौक में प्रसारण करवाया गया. कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख सहित विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने इस मौके पर हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ किया. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर यादगार बनाने के लिए कटंगी शहर को भगवा रंग से रंगा गया है. बड़ा राम मंदिर में 15 जनवरी से ही विविध आयोजन हो रहे है. वहीं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते मंदिर में विशेष अनुष्ठान किए गए. नगर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी राम नाम की गूंज सुबह से ही सुनाई दी. वहीं राज्य सरकार के आदेश पर नगर और ग्रामीण अंचलों में स्थित सभी शासकीय कार्यालय और स्कूल बंद रहे. बता दें पीएम ने रामलला के आंख से पट्टी खोली और हाथ में कमल का फूल लेकर पूजन किया. रामलला पीतांबर से सुशोभित हैं. उन्होंने हाथों में धनुष-बाण धारण किया है. नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी अयोध्या के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रसारित करवाया गया।

प्रखंड के ग्रामीण अंचलों में मंदिरों में विविध आयोजन किए गए. बनेरा के श्रीराम मंदिर, सेलवा के संकट मोचन हनुमान मंदिर, मुंदीवाड़ा हनुमान मंदिर, हिवर टोला हनुमान मंदिर, नंदलेसरा राम मंदिर, धनकोषा राम मंदिर, सांवगी गंगा माई स्थित राम मंदिर, खजरी राम मंदिर, लखनवाड़ा हनुमान मंदिर, घुनाड़ी हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई. शासन के निर्देशानुसार आज मंदिर परिसरों में पंचायतों और जन अभियान परिषद, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. मंदिरों में भजन, रामायण पाठ, बजरंग बाण, सुंदरकांड का पाठ किया गया. मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया. शहर के साथ ग्रामीण इलाके के मंदिरों में सुबह से ही कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसके साथ ही चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर राम धुन बजाई जा रही है. अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते ही शहर का वातावरण उमंग और उत्साह से भर गया. राम के स्वागत के लिए मंदिरों के साथ ही लोगों ने घरों को भी रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया है. शहर की सड़कों के साथ बाजार भी भगवामय नजर आए।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कटंगी शहर में पूरा दिन कार्यक्रम चलते रहे. आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, श्री राम सेना सहित राम भक्तों और हिन्दू धर्म प्रेमियों ने शहर में भगवा बाइक रैली निकाली. सिवनी रोड़ स्थित श्रीराधा कृष्ण गोंविद मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवा रैली निकाली गई।

## विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में मनाया गया प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ एल के भंडारकर ,समाज सेवी , व्यापारी संघ किरनापुर के अध्यक्ष एवं अभिभावक संतोष बैस का अभूतपूर्व मार्गदर्शन मिला ।सर्वप्रथम अतिथियों एवं आचार्यों द्वारा प्रभु श्री राम एवम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रभु श्री राम के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। अतिथियों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया । विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया बहिनों की सुंदर झाकी बनाई गई जिसमे प्रभु श्री राम,माता सीता ,लक्ष्मण आदि बहुत सुंदर प्रतीत हो रहे थे। गौरतलब है की पिछले एक सप्ताह से विद्यालय की साज सज्जा उपरोक्त कार्यक्रम हेतु चल रही थी। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी श्रीमती ममता बैस दीदी ,माध्यमिक /हाईस्कूल प्रभारी नरेंद्र सिहोरे एवं विद्यालय के सभी आचार्य एवम आचार्याओ का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### कोरहा बाबा में 63 दिनों से चल रही रामधुन संकीर्तन का भण्डारे के साथ हुआ समापन

**पन्ना।** विरासन धर्म प्रेमी समाजसेवी राजू राजा ने ने नए साल में सिमरिया तहसील के विरासन ग्राम पंचायत में कुरहा बब्बा लगातार 63 दिन से चल रही रामधुन की समाप्ति होगी राजू राजा ने बताया कि 25 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा होगी माननीय प्रधानमंत्री जी के अधिक प्रयासों से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी तर्ज पर हमारे ग्राम वासियों ने सभी लोगों ने 63 दिन की रामधन का आयोजन किया था जो 22 जनवरी को समाप्ति होगी आसपास के ग्रामवासियों ने भंडारा के साथ प्रसाद ग्रहण किया नए साल में बहुत लोग आए सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया और सभी क्षेत्र के लोग आनंदमई हैं।

### भगवान राम के स्वागत में शहर से लेकर गांव तक उत्सवी माहौल

**पन्ना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही जिले में शहर से लेकर गांव तक राम मय माहौल है। सलेहा नगर में सुबह से ही रामनाम संकीर्तन पूरे नगर की गलियों में गूंजी और मंदिरों में पुजा अर्चना की गई साथ ही अयोध्या कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। ग्राम पटना तमोली में श्री राम सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की मनमोहक झांकी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें घर घर पूजा वंदन कर फूलमाला एवं आतिशबाजी कर अपनी खुशियों को व्यक्त किया गया। महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ में भी विशेष पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराया गया और 151 दीप जलाकर अपने आराध्य की आराधना की। ग्राम पथरहा के समीप निरंकार आश्रम में राम नाम संकीर्तन और आतिशबाजी के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम गंज के हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्राणप्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें देशी घी से निर्मित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# राम मय हुआ अमानगंज: अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में रामायण, रामधुन, भंडारे सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**अमानगंज।** सैकड़ो वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज दिनांक 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर अमानगंज में कहीं रामायण पाठ, तो कहीं सुंदर काण्ड पाठ और कहीं रामधुन के भंडारों का आयोजन किया गया। तो वही समूचे नगर अमानगंज में विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री राम के जयकारों से समूचे नगर अमानगंज दिन भर गूंजता रहा। इस मौके पर अमानगंज के आसमानी माता मंदिर में अखंड रामधुन और अगले दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तो वहीं मां ज्वाला देवी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को टेलीविजन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराया गया। इसी प्रकार झिरियन मोहल्ला वार्ड क्रमांक 5 हनुमान जी मंदिर में भी टेलीविजन के माध्यम से अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव दिखाया गया। इसी तरह श्री राघव जी मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ के बाद कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में भी रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण कराया गया। नगर अमानगंज के मुख्य गांधी चौराहा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। शाला मोहल्ला हरदौल मंदिर में भी भगवान श्री राम नाम संकीर्तन का



आयोजन किया गया। नगर अमानगंज के साथ-साथ विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पिपरिया खुर्द में रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ एवं राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। पांडव प्रयाग में भी राम नाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पगरा में भी अखंड रामायण पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पिपरवाह में भी राम संकीर्तन का आयोजन किया गया। ग्राम द्वारी में राम नाम संकीर्तन के बाद भव्य शोभायात्रा भी निकल गई। ग्राम घटारी में भी भगवान श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी तरह समस्त ग्रामीण अंचल में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए और नगर सहित समूचा क्षेत्र राममय दिखाई दिया।

### श्रीहनुमानजी मंदिर में आयोजित किया गया प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**पन्ना।** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजयगढ़ नंदपाल सिंह लोधी ग्राम कल्याणपुर मे मंदिर बनवाकर श्री हनुमान जी की प्रतिभा की प्राण प्रतिष्ठा कर अखंड रामायण पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन किया है इस संकीर्तन में लगातार रामधुन की गई जिससे क्षेत्र के ग्रामीण लगातार रामधुन में भाग लिया। नंदपाल सिंह लोधी द्वारा 22 जनवरी को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें हजारों लोगों ने प्रासाद ग्रहण किया। हनुमान जी के भक्त श्री सिंह ने बताया कि हनुमान जी की प्रेरणा और रामलला की कृपा से यह पुण्य काम करने की प्रकट हुई, उन्होंने राम भक्तों को भंडारे में आमंत्रित कर उन्हें प्रसाद ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा इस पुण्य अवसर में क्षेत्र में खुशहाली आएगी और सब लोगों पर प्रभु राम की कृपा होगी, ज्ञात होगी शासकीय सेवक होने के बाद नंदपाल सिंह ने जन सेवा के कार्यों में हमेशा लगे रहते हैं और जरूरतमंदों को मदद करते हैं।



# रामलला प्राण प्रतिष्ठा होने पर पवई में बजीं रामधुन



**पवई।** अयोध्या धाम श्री राम जन्मभूमि में भगवान रामलला बिराजमान प्राण प्रतिष्ठा होने पर शंकर जी मंदिर नन्ही पवई करही तिरहा से मेन रोड से सलेहा तिराहा माध्यमिक शाला होते हुए भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई पवई में सैकड़ो कारसेवकों ने रामधुन प्रभात फेरी एवं श्रीराम भव्य झांकियां तैयार करते हुए शोभायात्राएं निकाली गई खेरमाता देवी मंदिर वार्ड क्रमांक एक में अखंड रामधुन 21 जनवरी 2024 रविवार को वेद मन्त्रों और विधि विधान के साथ बैठकी करते हुए 24 घंटे की अखंड रामधुन की गई 22 जनवरी 2024 सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मां खेर माता मंदिर नन्ही पवई में दोपहर 2:00 बजे से हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, राम भक्तों ने भगवान राम सीता और हनुमान जी की सुंदर आकर्षक झांकी बनाकर चल जुलूस में गाजे बाजे के साथ रामधुन गाते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चौधरी महेंद्र कुमार पटेल, राजेंद्र कुमार पटेल (बबलू), चौधरी हरीशंकर पटेल, हरगोविंद पटैल (कुद्दू), अनिल पटैल शिक्षक, राम प्रकाश पटेल, डॉ विजय सिंह भदौरिया, विनय शंकर सिंह परिहार ,अजित कुमार जैन, सुदामा रजक, बृषभ पटेल, सुंदर लाल पटेल हिसाबी लाल रजक सहित सैकड़ों नव युवक बच्चे माताएं बहनें सामिल रहे। सायं छै बजे से पवई नगर के धार्मिक स्थल एवं मंदिरों में आकर्षक रंगोली बनाकर दीपक जलाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला विराजमान का धूमधाम के साथ स्वागत किया गया।

# राममय हुआ देवेंद्रनगर तथा गांव-गांव में गूंजा राम नाम

### अयोध्या की तर्ज पर लोगों ने अपने -अपने नगर व गांव गांव को सजाया

देवेन्द्रनगर। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है, पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर में भी नगर सहित गांवों में भी उत्साह का माहौल देखा गया जहां लोगों ने पूरे शहर एवं गांव को भगवा रंग से रंग दिया गया है।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हुए अनेकों कार्यक्रम, लोगों ने मनाई खुशियां

लोगों ने कही राम लक्ष्मण सीता और हनुमान की झांकी निकाली तों कहीं बाइक रैली निकालकर तों कहीं नाचते गाते उत्साह मनाया, भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही मंदिरों में हनुमान चालीसा भजन कीर्तन अखंड रामधुन और पूजा अर्चना करते देखे गए। तों कहीं शिव पुराण राम कथा का भी आयोजन किया गया,अयोध्या में हुए रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव भी देखा गया जिसके लिए प्रत्येक मंदिरों में स्क्रीन पर्दा लगाया गया था जहां से सीधे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखा गया और अपने अपने स्थानों से भगवान राम जी की आरती की गई, और महा प्रसादी वितरण किया गया साथ ही आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। वही देवेंद्र नगर हनुमान मंदिर, विद्युत ऑफिस मंदिर व खेर माई मंदिर इत्यादि जगहों पर बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन और भंडारे भी किए गए वहीं श्री राम मंदिर पर भी राम उत्सव कार्यक्रम हुआ और श्री राम मंदिर पर कई दिनों से शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा था जिसका आज भंडारा भी हो रहा है और भारी संख्या में श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं वही संध्या होते ही लोगों ने दीपावली उत्सव की तरह मनाया घर में दीप जलाकर वही नगर के प्रतिष्ठित श्री राम मंदिर पर भी महा आरती का आयोजन हुआ वही शाम होते ही रोशनी से जगमगा घर-घर व गांव-गांव से लेकर शहर तक।

## खबर संक्षेप

### बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं से गूंजा अंजनिया

**अंजनिया।** सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेभर के अलावा गांव भर में खासा उत्साह देखने को मिला है जगह-जगह शोभा यात्राए निकाली गई है तो वही मंदिरों में सुंदरकांड व रामायण पाठ के आयोजन हुए है। जहां इसी क्रम पर पूरा अंजनिया ग्राम भगवा झंडे, टंडिया,पोस्टर व बैनर से छाया रहा है। इस दौरान प्रसादी भंडारा का वितरण भी हुआ जिसमें इसी धार्मिक आयोजनो के मध्य जय श्री राम के नारे दिनभर गूंजते रहे है देर शाम अंजनिया के सभी मंदिर एवं धार्मिक स्थल जगमग दीप से जग-मगाते हुए दिखाई दिये है। इस दौरान अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अंजनिया के माँ दुर्गा दरबार बस स्टैंड परिसर पर टेलीकास्ट प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया है। जहां काफी संख्या पर भक्तों की भीड उमड़ी इससे बस स्टैंड का दुर्गा माँ दरबार, शीतला माता दरबार, गायत्री मंदिर परिसर, बीजेपी कार्यालय के सामने हनुमान मंदिर परिसर, शांति चौक पर धार्मिक स्थल परिसर, रेंज का चमत्कारिक हनुमान मंदिर परिसर, खैरमाई परिसर , त्यागी आश्रम बगल में हनुमान मंदिर परिसर, मेरे घर राम आए हैं जैसे गीत से गूंजयमान हो रहा था।

### स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा श्रीराम प्रतिस्थापन महोत्सव : संपतिया उइके

**मण्डला।** श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पीएचई मंत्री ने पड़ाव राम मंदिर के कार्यक्रमों तथा वाहन रैली में सहभागिता की। संपतिया उइके सराफा बाजार स्थित राम मंदिर, सिंधी धर्मशाला, कृषि उपज मंडी के हनुमान मंदिर, शोभायात्रा, जिला पंचायत के पास हनुमान मंदिर, ग्राम सुरखी में आयोजित कार्यक्रम तथा हनुमान लला समिति द्वारा आयोजित 3 हजार लोगों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम में शामिल हुई।





प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ऐतिहासिक दिन पर नगर में हुये विविध आयोजन

# संपूर्ण नगर दुल्हन सा सजाया गया, रामभक्ति में सराबोर हुआ जन-मानस

### नगर के मंदिरों में राम संकीर्तन हुऐ निकाली गई विशाल शोभायात्रा

**छपारा।** देश के असंख्य राम भक्तों के लगभग पांच शताब्दी से अधिक के लंबे इंतजार के बाद आये इस अवसर आयोध्या धाम में सोमवार 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को दिपावली पर्व के रूप में मनाया गया जहां नगर पर सुबह चार बजे से ही लोगों मे उत्साह देखा गया, अलसुबह उठकर नगर के मुख्य मार्गों पर सनातन धर्म ट्रस्ट समिति के सदस्यों के साथ गौरी शंकर मंदिर समिति एवं शंकर मढिया समिति के सदस्यों सहित नगर वासियों ने प्रभात फेरी निकाली जो नगर के मुख्य मार्गों पर राम धुन गाते हुए धूमधाम से निकाली और राम मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं सुबह लगभग सात बजे से नगर के राम मंदिर, पंचदेव मंदिर, बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर एवं शंकर मढिया सहित



अन्य मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ और हवन पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया, साथ ही दोपहर 12:30 बजे नगर के राम मंदिर परिसर एवं शंकर मढिया मंदिर प्रांगण में अयोध्या नगरी के राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। शाम 5:00 बजे नगर मे शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड एवं पुराने बाजार स्थित राम मंदिर पहुंची इस शोभायात्रा में विविध प्रकार की सजीव आकर्षक झांकियां रखी गई थी शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया इसके साथ ही चौक चौराहे में भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम जारी रहा। वही अधिकांश नगर के दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें एवं मंदिरों में पहुंचकर सपरिवार पूजन अर्चन किए, नगर के लगभग सभी वार्डों में आम जन ने अपने अपने घरों को विशेष रूप से सजाया एवम सुंदर सुंदर रंगोली भी बनाई गईं।

## श्री रामलला स्वरूप मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में रहा उत्सव का माहौल

**सिवनी ।** अयोध्या में श्री रामलला स्वरूप मूर्ति के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में उत्सव का माहौल रहा। प्रातः काल से ही ग्रामों एवं नगरों में आमजनों द्वारा राम नाम जयकारों के साथ प्रभात फेरी एवं शोभा यात्रा निकाली तथा जिले के सभी मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी परिपेक्ष्य में सम्पूर्ण जिले के साथ जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन मठ मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर अयोध्या से प्रसारित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को सभी धर्मालंबियों, आम जनमानस द्वारा देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति है।



# घुघरी में गूंजे जय-जय श्री राम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

500 वर्षों के लम्बी प्रतिक्षा के बाद जहां अयोध्या में प्रभू श्री राम का पुनः आगमन हुआ है इस प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर सारे देश में हर्षोल्लास का जो माहौल है उसी क्रम में नगर घुघरी में भी राम भक्त नगरवासियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा उत्सब को विशेष भव्यता के साथ मनाया गया नगर के सभी मंदिरों को सुसज्जित किया गया श्री आंनद कृष्ण आश्रम घुघरी में स्थित श्री राम मंदिर का विशेष श्रृंगार कर भव्य स्वरूप प्रदान दिया गया, सम्पूर्ण नगर में नगरवासियों द्वारा ध्वजा एवं तोरण लगाई गई।



### तीन दिवसीय अनुष्ठानों का आयोजन

तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया जहां 20 जनवरी शनिवार को सामूहिक सुंदरकांड पाठ कर अनुष्ठान का आरंभ किया गया जिसे 21 जनवरी रविवार को आगे बढाते हुए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठन एवं रविवार से अखंड रामधुन कार्यक्रम का आयोजन श्री आनंद कृष्ण आश्रम घुघरी में किया गया, आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को आरंभ होते ही आनंद कृष्ण आश्रम घुघरी में भी प्रभू श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर कई वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

इस अबसर पर राम भक्तों द्वारा श्रीराम दरबार की सुसज्जित झांकी, कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो सम्पूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए श्रीसिद्धबाबा आश्रम घुघरी तक गई जिसमें हजारों की संख्या महिला, पुरूष, बच्चे नगरवासी शामिल हुए जो डीजे और बैंड की धुन में नाचते गाते अपने उत्साह एवं आस्था को व्यक्त किया। नगर के सभी मंदिरों में भक्तों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यक्रम का समापन में शाम 4:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजान किया जिसमें अनेक श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान ने कार्यक्रम कर निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मण्डला के द्वारा श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग, बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" के सभागृह में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राम,लक्ष्मण, सीता को सजाया गया। सजे हुए राम, लक्ष्मण, सीता बहुत ही सुंदर और आकर्षण मूर्त दिख रहे थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान को भोग लगाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सभी ने अपने अपने घर से दिए लाकर दीप प्रज्ज्वलित किये। मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को इस शुभ अवसर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हम सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि आज अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। आज पूरा देश उमंग उत्साह के साथ इस पर्व को मना रहा है। इसके बाद ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग,बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" से रैली निकाली गई। इस रैली में राम, लक्ष्मण, सीता रैली के आगे आगे चल रहे थे। इस रैली में ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया। यह रैली स्थानीय सेवाकेंद्र से निकलकर मुख्य स्थानों से होते हुए वापस स्थानीय सेवाकेंद्र में सम्पन्न हुई।

## प्रतिभा | उल्टे अक्षर लिखने की विधा में माहिर हैं अखिलेश अग्रवाल

# भागवत गीता के साढ़े तीन दिन में लिखे 18 अध्याय

*** अब लिख रहे हनुमान चालीसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोगों को ग्रंथ, किताबें सीधे अक्षरों में लिखते हुए सभी ने देखा होगा, लेकिन जिला मंडला के अखिलेश अग्रवाल एक ऐसे शख्स है, जिन्होंने करीब 30 दिनों में पूरी रामायण उल्टे अक्षरों में लिख दी। अखिलेश मिरर राइटिंग में माहिर है, जो हम सीधे अक्षरों को जितनी स्पीड में लिखते है, वहीं अक्षरों को अखिलेश मिरर राइटिंग में बखूबी उतनी ही स्पीड से लिख लेते है।

इनके द्वारा लिखे गए शब्दों को सीधे देखकर पढ़ना काफी मुश्किल होता है। इसे पढने के लिए एक आईन की जरूरत पड़ती है, क्यों यह लेखनी मिरर में होती है, जिसे आईन के सामने रखने से उनके लिखे अक्षर सीधे हो जाते है। बता दे कि मिरर राईटिंग का यह कारीगर मंडला जिले के श्रीराम वार्ड निवासी अखिलेश उर्फ बिल्लू अग्रवाल हैं। अखिलेश पेशे से एक व्यापारी हैं, जिन्होने ईश्वर से मिले इस हुनर से बहुत सी किताबों को उल्टे शब्दों में लिखा है।





### उल्टे अक्षरों में गीता के लिखे 18 अध्याय

बताया गया कि विगत कई वर्षो से अखिलेश उल्टे अक्षरों से लिखने में महारात हासिल कर ली है। इनकी इस कला से अब अखिलेश गीता के 18 अध्याय को सिर्फ साढ़े तीन दिन में और रामायण को करीब 30 दिन में लिखी है। इसके साथ ही इन्होंने और भी कई कहानी, चुटकुलों को उन्होंने उल्टे शब्दों में लिखा है। इसके साथ ही अखिलेश अब हनुमान चालीसा लिख रहे हैं।

### ऐसे मिली उल्टे लिखने की प्रेरणा

अखिलेश ने बताया कि इस हुनर की शुरुआत एक मेले से की थी, जहां मेले पर आए एक स्टाल पर 5 शब्द उल्टे अक्षरो में लिखने पर 1 रुपए के 2 रुपए मिलने का दावा किया जाता था। इसके बात क्या था, एक रुपए के बदले 2 रुपए हासिल करने के लिए मैने सिर्फ 5 नाम उल्टे लिखना सीख लिया और आयोजको के पास जाकर लिखकर दिखा दिया, तो उन्होंने इसे गलत साबित कर दिया और 1 रुपए भी चले गए। इसके बाद अखिलेश ने ठाना लिया कि वह अब उल्टे ही लिखेंगे। इसके बाद अखिलेश ने उल्टे अक्षरों को लिखने के लिए दिन रात एक कर दिया। उन्होंने न्यूज पेपर, किताबों को उल्टे अक्षरों में लिखना शुरू कर दिया। उल्टा लिखने का जुनून इस कदर छाया कि उन्होंने मिरर राईटिंग में हिन्दी, संस्कृति लिखने महारत हासिल कर ली।

## नैनो यूरिया तरल से लघु कृषक होंगे लाभांवित




*** कृषकों के लिए वरदान साबित होगा यह प्रयोग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सीमांत ही नहीं लघु कृषक के जीवन में जबर्दस्त आर्थिक लाभ के लिए इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को ऑपरेटिव लिमिटेड ने हरित क्रांति की कड़ी में नैनो यूरिया तरल से लघु कृषक भी लाभान्वित होंगे, यह प्रयोग कृषकों के लिए वरदान साबित होगा। स्टेट मार्केटिंग मैनेजर पीसी पाटीदार ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहां कि नैनो तकनीक का प्रयोग, कृषि क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगा।

कार्यक्रम में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन एवं नैनो उर्वरक सागरिका बायो फर्टिलाइजर व बायो डी कंपोजर के विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किसानों की फसल का किस आसन विधि से उत्पादन बढ़ाया जाए और कम लागत में अधिक मुनाफा वह भी बिना नुकसान के लिया जा सकता है।

आयोजित कार्यक्रम में इफको द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उपयोग प्रोत्साहन के लिए नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी किंगफिशर रिजॉर्ट मंडला में इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड जबलपुर द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुखता उपसंचालक कृषि मधु अली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक नरेंद्र कोरी एवं मैनेजर इन्वेंटरी मैनेजमेंट हृदयेश तिवारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस शुष्क दिवस घोषित

**बालाघाट।** गणतंत्र दिवस पर जिले में स्थित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें व देशी मदिरा स्टोरेज, एफ.एल-3, एफ.एल-3 क, एफ.एल.-4, एफ.एल- 7 और अन्य अनुज्ञप्त परिसर बन्द रहेंगे। सहायक आबकारी आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार उंराव ने बताया कि जिले में मदिरा का समस्त प्रकार का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। 26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित है। यह 25 जनवरी की रात्रि 11:30 बजे से जिले के अनुज्ञप्त परिसर सीलबंद किये जायेंगे।

### 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का होगा आयोजन

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2024 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक प्रातः 11.00 बजे से आयोजित होगा।

### एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन आज

**बालाघाट।** पीएमईजीपी योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में बैंको के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम के सफल कियान्वयन के लिये जिले में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। शिविर आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिरसा में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी (डीपीएसई) के प्रवेश पत्र हुये जारी

**बालाघाट।** वर्ष 2024 की हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी डिप्लोमा इन प्री स्कूल (डीपीएसई) परीक्षा के प्रवेश पत्र एमपी ऑनलाईन के पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये है। परीक्षार्थी अपने आवेदन पत्र पर उपलब्ध एप्लीकेशन आईडी के आधार पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। www.mpbse.mponline.gov.in वेबसाईट के माध्यम से परीक्षार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके का जिले में 24 को प्रवास

**बालाघाट।** प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके 24 जनवरी को जिले के प्रवास पर रहेगी। उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे बुधवार को लांजी के कारंजा में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस बालाघाट में 12 बजे कार्यक्रताओं के साथ बैठक उपरान्त 1 बजे कलेक्टर सभागृह में कलेक्टर एसपी व जिला पंचायत सीईओ और फारेस्ट, जल संसाधन, पीएचई, एमपीईबी व पंचायत के कार्यो की बैठक करेगी। वे गोंदिया मार्ग की ओर से कारंजा सुबह 10 बजे पहुँचेगी।

### अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# अयोध्या के भव्य राममंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देखने जुटे रामभक्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





आज पूरा देश राममय हो गया है, अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न चैनलों और सोशल मीडिया साइट पर हो रहा है, जो अयोध्या नहीं पहुंच सकें, वह रामलला का सीधा प्रसारण घरों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए एलईडी टीवी के माध्यम से देख रहे हैं। बालाघाट में अयोध्या के भव्य राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मुख्यालय के भाजपा कार्यालय और मोती नगर के दुर्गा मंदिर में एलईडी टीवी से सीधा प्रसारण बड़ी संख्या में भाजपाईयों और आम जनमानस ने देखा।

भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के साथ ही कारसेवक रही लता ऐलकर, रमेश रंगलानी, रेखा बिसेन सहित बड़ी संख्या में भाजपाईयों ने अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। वह इस अनुपम और ऐतिहासिक घटना के साक्षी बने। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

## परीक्षा पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलायें जाने के विरूद्ध चलाये जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाएँ जाने के विरूद्ध जिला कलेक्टर्स को स्कूल शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये है। इस अभियान में शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते है। यह ग्रुप झूठी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते है। कई ग्रुप पैसों की मांग करते है और विद्यार्थियों को फर्जी पेपर उपलब्ध कराते है। इसके अलावा यह ग्रुप विद्यार्थियों को विभिन्न गेमिंग और अन्य हानिकारक सामग्री उपलब्ध कराने वाले एप्स से भी जोड़ देते है। इस वजह से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आर्थिक हानि होने के साथ मानसिक तकलीफ का भी सामना करना पड़ता है। यह ग्रुप जालसाजी करके विद्यार्थियों से यूपीआई डिटेल्स भी प्राप्त कर लेते है और ब्लेकमेल भी करते है। इन गतिविधियों के रोकने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रयास कर रहा है।

## ग्राम हट्टा में कलश यात्रा एवं भगवान श्री राम की रथ निकाली गयी



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

ग्राम हट्टा के सप्ताह मंदिर से ग्रामीण महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, प्रातः श्री रामलला जी की रथयात्रा सार्वजनिक सप्ताह मंदिर से प्रारम्भ करते हुए ग्राम हट्टा की प्रत्येक सडको से गुजरते हुए जय श्री राम के उदघोष करते हुए ग्रामीण जन राम भक्ति में लीन दिखाई दिए। आज दिनांक 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम हट्टा में प्रत्येक मंदिरों में पूजा पाठ एवं हवन कार्यक्रम दिन भर चलता रहा तथा उसके पशचात महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रत्येक ग्रामीण जनो ने अपना सम्पूर्ण योगदान दिया।

### चौक में बनेगा मातारानी का भव्य मंदिर : वैभवसिंह बिसेन

# जय जय श्री राम से गूंजा गर्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



22 जनवरी का ऐतिहासिक दिन जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई, सम्पूर्ण देश इस दृश्य को देखने के लिए उमड़ पड़ा। वहीं औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा को राममय बनाने में ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह लगभग 10 बजे कलश यात्रा निकालकर पूरे नगर में भ्रमण किया गया। भ्रमण उपरांत वार्ड नं 11 गॉर्डन टोली में भगवान शिव मंदिर का भूमिपूजन किया गया। गर्रा चौक में मातारानी मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन में ग्राम गर्रा के समाजसेवी शैलेश वैद्य सपत्निक उपस्थित रहें। पंडित विक्की महाराज के द्वारा सम्पूर्ण विधि विधान से पूजा सम्पन्न की गई। वहीं ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के द्वारा जय श्री राम का जयघोष करते हुए भूमिपूजन किया गया। उसके बाद रथ यात्रा मशीन टोला के लिए प्रस्थान की गई, मशीन टोला में भव्य भंडारा वितरण कर भक्तगणों ने आनन्द उठाया। लंबे समय के बाद गर्रा चौक में मातारानी का मंदिर के लिए भूमिपूजन किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान इनकी उपस्थिति सराहनीय रही। सरपंच वैभव सिंह बिसेन, उपसरपंच राजू पांचे, मोनू भगत, डॉ अशोक गुप्ता, वार्डपंच श्रीमती जुबेदा शाह, वार्ड पंच श्रीमती रीना भालाधरे, शेख मंसूर, मंगल आचरे, बंटी चौधरी, संजय बनवाले, रूपेश बनवाले, भरत बंसारे, पप्पू चौहान, गणेश बेलजी, कमल टेम्भरे तथा ग्राम के समस्त गणमान्य उपस्थित रहें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में 2911 की स्वास्थ्य जांच, 660 टीबी व 448 की सीकल सेल की हुई जांच

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के लालबर्रा, बालाघाट, लांजी व किरनापुर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गए स्वास्थ्य शिविर में 2911 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा 660 ने टीबी और 448 नागरिकों की सीकल सेल की जांच की गई। साथ ही भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर चुके 196 हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मेरी कहानी मेरी जुबानी में ग्रामीणों के समक्ष मंच से सुनाई। संकल्प यात्रा सोमवार को लांजी जनपद के ग्राम रिसेवाड़ा व ओटेकसा, बालाघाट के ग्राम केशलेवाड़ा व नाहरवानी, किरनापुर के ग्राम मौदा व देवगांव और लालबर्रा जनपद के ग्राम छतेरा व बेहरइ पहुँची। वही आज यात्रा बालाघाट के ग्राम खोडसिवनी व खैरगांव, किरनापुर के ग्राम सिंगोडी व सारद और लालबर्रा जनपद के ग्राम कनकी व मांझापुर में भ्रमण करेगी।

## उद्योग विभाग की अनोखी थीम नौकर नहीं मालिक बनो, अपना एक रोजगार चुनो पर बनी झांकी

**बालाघाट।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन स्थानीय मुल्ना स्टेडियम पर किया जाएगा। यहां का ध्वजारोहण कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियां विभागों द्वारा जोरो पर की जा रही है। मुख्य समारोह में संदेश वाचन, ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा झांकिया भी निकाली जाएगी। इसमें 15 से अधिक विभाग विभिन्न थीम पर झांकिया बनाने में जुटे है। सोमवार को जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने विभिन्न विभागों की झाकियों की थीम के सम्बंध में बैठक आयोजित की। उद्योग विभाग इस वर्ष एक अनोखी थीम पर झांकी बना रहा है। उद्योग विभाग नौकर नहीं मालिक बनो, अपना एक उद्योग चुनो की थीम पर झांकी में योजनाओं का प्रदर्शन करेगा। इसी तरह शिक्षा विभाग स्मार्ट क्लास तो स्वास्थ्य विभाग सिकलसेल अनीमिया पर झांकी प्रदर्शित करेगा। साथ ही शासकीय भवनों पर की गई रोशनी के पुरस्कार भी वितरित किये जायेंगे। इस सम्बंध में 26 जनवरी प्रातः 9 बजे तक सूची मांगी गई है।

## विभिन्न ग्रामों में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा पर मना उत्सव



**हट्टा।** 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हट्टा क्षेत्र के विभिन्न गावों में हजारों की संख्या में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई साथ में श्री राम जी की रथयात्रा सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण करते हुए प्रत्येक मंदिरों में पूजा अर्चना की गयी प्रत्येक गावों में श्री राम के उदघोष से जगमगाया। हट्टा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डूणडासिवनी, नाहरवानी,परासपानी, मोहगांव , भालवा, गोदरी, डोगरगाव बटकरी, तिवडीकला, माटे, केशा, मडकापार, खोडसिवनी समेत विभन्न ग्रामो में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कार्यक्रम किया गया।

### गली, मोहल्लों, बाजार, मंदिरों व शासकीय भवनों पर रोशनी और आंगन में सजी रंगोली में राम

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला की धुन पर रमा बालाघाट



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भगवान श्री रामलला के मनोहारी क्षण को बालाघाट ने भी सोमवार को खुब जीया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में जरूर हुई लेकिन बालाघाट भी किसी अयोध्या से कम नही सजा। यहां की गलियों, मोहल्लों, चौक बाजार शासकीय भवनों व मंदिरों पर बिखरी रोशनी ने दिवाली सा अहसास कराया। नगर के कई चौक चौराहों व मंदिरों की रोशनी मुसाफिरों को प्रभावित भी की। कालीपुतली चौक पर श्रीराम मंदिर के मॉडल ने पूरे शहर वासियों और यात्रियों को आकर्षित किया। इसी तरह गली मोहल्लों में भी छोटी-छोटी दुकानों व घरो पर जगमगाती सीरीज व आंगन में सजी रंगोली ने वास्तव भगवान श्रीराम के आगमन पर प्रति वर्ष मनाई जाने वाली दिवाली सा अहसास कराया। प्राण प्रतिष्ठा के समय से पूर्व नगर सहित जिले के अन्य मंदिरों में रामधुन, भजन, प्रसादी, आरती, पूजा अर्चना और भंडारे की तैयारियाँ की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा भी नगर के हनुमान मंदिर जाकर आम नागरिकों के बीच बैठकर कर राम आराधना में डूबे। उन्होंने ने भी भजन में रामधुन में रमते दिखाई पड़े। यहां उन्होंने दर्शन करते हुए हाथों पर रक्षाकवच बंधाया और प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण भी देखा। साथ में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने भी दर्शन करते हुए शामिल हुए।

**सूर्य की पहली किरण का दर्शन करते है बालाजी:** वाल्मीकि रामायण में वर्णित रामपायली गांव स्थित बालाजी श्री राम मंदिर में भी अद्भुत आयोजन हुआ। रामपायली के विषय मे कहा जाता है कि प्रभु श्रीराम लक्ष्मण और माता सीता वनवास के समय मे दंडकारण्य वन जाते समय यहां रुके थे। इस अवसर को कई धर्मग्रंथों में भी बताया गया है। इसी कारण गांव का नाम राम पदावली और फिर रामपायली हुआ। इस कारण मंदिर का विशेष महत्व बढ़ गया है। इस दृष्टि से यहां के आयोजन का विशेष महत्व भी है। यहां सुबह से गांव वासियों के दर्शन की क्रिया शुरू हुई। इस मंदिर में बालाजी श्रीराम की काष्ठ प्रतिमा स्थापित है। वारासिवनी से मात्र 15 किमी. दूरी पर स्थित रामपायली गांव के मंदिर कि एक विशेषता यह भी बताई जाती है और साथ ही साक्षात दर्शन भी किये जा सकते है, कि मंदिर के पूर्व में एक झरोखा बना है यहां से सूर्य की पहली किरण शिवलिंग पर पड़ती है और इस अलौकिक घटना का भगवान बालाजी श्रीराम भी दर्शन करते है।

## शास. हाईस्कूल सुनारककोड़ी में शालेय स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण किया गया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों में समय-समय पर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शा. हाईस्कूल में 19 जनवरी को एस.रामटेक्कर (ए.एन.एम.) द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने संबंधी बहुत सी जानकारियाँ दी गईं इसके साथ ही टिटेनस से बचाव हेतू वैक्सीनेशन भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में एल.एच.डी.रीता गोस्वामी, आशा सुपरवाइजर सरिता ताण्डेकर, आशा कार्यकर्ता सरस्वती बड़गैया सम्मिलित रहीं। विद्यालय स्टॉफ में प्राचार्य आर.के.चौरे,वरिष्ठ शिक्षक एम.एल.एड़े एवं एन.गजभिये के साथ एच.कटरे, पी.भिमटे,एस.सोनवाने,कपिल पटले एवं अतिथि शिक्षक देवेंद्र मेण्ढे तथा भृत्य सुनिता बड़घैया उपस्थित रहीं।

### प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित, कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

# इनायत साहित्यिक सामाजिक संस्था का चौथा सम्मेलन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-खैरलांजी की विधानसभा की नामचीन संस्था इनायत के तत्वाधान में चौथा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन मिरगपुर हाईस्कूल के मैदान में आयोजित किया गया. जहां विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया. सम्मेलन में नामदेव कुर्वे, जिला पंचायत सदसय सभापति केसर बिसेन, प्रकाश उके, कन्हैया लाल देशमुख बतौर प्रमुख अतिथि रहे. सम्मान समारोह के पश्चात विराट हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मान समारोह में विगेश राहांगडाले मिरगपुर, सत्यवान दशहरे जैतपुर खापा, शकील खान मोहगांवघाट, धनेंद्र मेश्राम टेकाडीघाट को तिजुलाल मेश्राम कृषक सम्मान से सम्मानित किया गया. वहीं भुवनलाल सहारे मिरगपुर और रेवाराम उपवंशी सावरगांव को केवलराम कोलते श्रमवीर सम्मान, बंशीधर मिश्रा अकलतरा छत्तीसगढ़, मनोहर बुद्ध शुजालपुर, मुकेश मनमौजी सिवनी छपारा, अंजूलता साहू सारंगढ़ छत्तीसगढ़ को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साहित्य सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया. सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक पवन पटले दुधारा और रामदास ठवकर भौरगढ़ को रवि देशमुख समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया गया. 10वीं और 12वीं में सर्वाधिक अंक अर्जित कर नाम रोशन करने वाले छात्रों में निर्दोष बिसेन 12वी मिरगपुर, सलोनी नगपुरे 12वी मिरगपुर, मनस्वी भैरम 10वी, मिरगपुर, स्नेहा पटले 10वी मिरगपुर को मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया. पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कलम की ताकत को बरकरार रखने के लिए संदीप वाघमारे और यमलेश वंजारी को पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के पश्चात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ. जिसमें बंशीधर मिश्रा छत्तीसगढ़, मनोहर बौद्ध सुजालपुर, मुकेश मनमौजी सिवनी, अंजुलता साहू सारंगढ़ संजय अश्क बालाघाट, योगिनी डहरवाल कटंगी एवं शैलेश इनायत मिरगपुर ने संयोजक के रूप में शिकरत की. इस भव्य आयोजन के कार्यकारिणी समिति में संस्था के प्रमुख शैलेश इनायत अध्यक्ष, राज राहांगडाले उपाध्यक्ष ,शैलेश पारधी कोषाध्यक्ष ,संजय अश्क सचिव, राजेश मंगेश साहू संयुक्त सचिव, शुभम गेडाम सदस्य, ऊषा देशमुख सदस्य, राजेंद्र उके सदस्य ने सभी श्रोताओं का आभार जताया।

### श्रीराम के आगमन पर राममय हुआ वातावरण, अवध की तरह सजे रहे मंदिर

# रामभक्ति में डूबे क्षेत्रवासी, हर तरफ बस राम ही राम की धुन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



भगवान राम अपनी अयोध्या लौटे और देश भर ने दिवाली मनाई। भति में डूबा भारत का हर शहर आज राम का शंखनाद कर रहा है... उत्सव से झूम रहा है... जिससे जो बन पड़ रहा है वैसी वह अपनी भावनाएं व्यत करता नजर आ रहा है। अयोध्या में आज 12.20 पर प्राण- प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ किया गया और मात्र 84 सेकंड में प्रतिष्ठा की पूर्ति की गई। इसके साथ ही देशभर में वो जश्न नजर आया, जो हर वर्ष आने वाली दीपावली को भी फीका कर दिया, क्योंकि दीपावली के लिए पूरे दिन का मुहूर्त होता है, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मात्र 84 सेकंड का मुहूर्त था। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होते ही एक साथ देशभर में पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जहां पूरे भारत में भक्तिभाव नजर आ रहा है, वहीं धर्मनगरी लांजी भी फूलों से लेकर लाईटिंग और अन्य विविध धार्मिक कार्यक्रमों से महक रही है। सुबह से ही धर्मनगरी लांजी में धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो चुका था जो देर रात तक जारी रहा और राम भक्त रामरस में डूबे रहे।

**नये श्रीराम मंदिर में अभिषेक सहित सुन्दर कांड, चालीसा पाठ एवं भण्डारा:** माँ लंजकाई मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में नये श्रीराम मंदिर में आज 22 जनवरी को प्रातः7 बजे श्रीराम दरबार, श्रीहनुमान, श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री नरसिंह भगवान एवं शिवलिंग अभिषेक पूजन किया गया। अभिषेक उपरांत संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन तदोंपरांत माँ लंजकाई मंदिर ट्रस्ट एवँ माँ सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के सहयोग से शाम 5 बजे से महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्रीराम के नाम का गुणगान किया। श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भगवान कोटेश्वर धाम में स्थित धूनी दरबार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया और दोपहर 3 बजे के बाद प्रसादी का वितरण भी किया गया।